वर्ष: 1 अंक 227 नागौर, 22 जुलाई, 2022 (शुक्रवार) मूल्य 5 रुपया पृष्ठ 4 E-Edition

www.nagaurdaily.com
RNI Title-Code :- RAJBIL27027
Email. nagaurdaily0@gmail.com

# नागौर डेली न्यूज

नागौर, कुचामनसिटी, डीडवाना, मकराना, परबतसर, जायल मेड़तासिटी, खींवसर, डेगाना व नावां से एक साथ प्रकाशित

अहसास बदलाव का...



# द्रौपदी मुर्मू बनी देश की 15वीं राष्ट्रपति

## मुर्मू तीसरे राउंड में ही 5.77 लाख वोट लेकर जीती

## देश की पहली आदिवासी महिला बनेंगी महामहिम

**नई दिल्ली।**

द्रौपदी मुर्मू देश की 15 वीं राष्ट्रपति होंगी। वे इस सर्वोच्च संवैधानिक पद पर पहुंचने वाली देश की पहली आदिवासी और दूसरी महिला राष्ट्रपति हैं। गुरुवार को सुबह 11 बजे शुरू हुई काउंटिंग में नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस की प्रत्याशी द्रौपदी मुर्मू ने यूनाइटेड प्रोग्रेसिव अलायंस के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा को तीसरे राउंड की गिनती में ही हरा दिया। मुर्मू को जीत के लिए जरूरी 5 लाख 43 हजार 261 वोट तीसरे राउंड में ही मिल गए। थर्ड राउंड में उन्हें 5 लाख 77 हजार 777 वोट मिले। वहीं यशवंत सिन्हा 2 लाख 61 हजार 62 वोट ही जुटा सके। इसमें राज्यसभा और लोकसभा के सांसदों समेत 20 राज्यों के वोट शामिल हैं। बाकी के राज्यों की गिनती जारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जेपी नड्डा ने मुर्मू के घर पहुंचकर उन्हें बधाई दी।

**यशवंत सिन्हा ने हार मानी, मुर्मू को दी बधाई :** इधर, यशवंत सिन्हा ने भी हार मान ली है। उन्होंने मुर्मू को बधाई देते हुए कहा- द्रौपदी मुर्मू को उनकी जीत पर बधाई देता हूं। देश को उम्मीद है कि गणतंत्र के 15वें राष्ट्रपति के रूप में वे बिना किसी भय या पक्षपात के संविधान के संरक्षक के रूप में कार्य करेंगी। मुर्मू को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने भी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा- राष्ट्रपति चुनाव में प्रभावी जीत दर्ज करने पर द्रौपदी मुर्मू को बधाई। वे गांव, गरीब, वंचितों के साथ-साथ झुग्गी-झोपड़ियों में भी लोक कल्याण के लिए सक्रिय रहीं हैं। गुरूवार को वे उनके बीच से निकल कर सर्वोच्च संवैधानिक पद तक पहुंचीं। यह भारतीय लोकतंत्र की ताकत है। राज्यसभा के सेक्रेटरी जनरल पीसी मोदी के मुताबिक, दोपहर 2 बजे सांसदों के वोटो की गिनती पूरी हुई। इसमें द्रौपदी मुर्मू को 540 वोट मिले। इनकी कुल वैल्यू 3 लाख 78 हजार है। यशवंत सिन्हा को 208 सांसदों के वोट मिले। जिनकी वोट वैल्यू 1 लाख 45 हजार 600 है।

## रानिल विक्रमसिंघे ने श्रीलंका के नए राष्ट्रपति के तौर पर शपथ ली

**कोलंबो।**



अनुभवी नेता रानिल विक्रमसिंघे ने बृहस्पतिवार को, घोर आर्थिक संकट का सामना कर रहे श्रीलंका के आठवें राष्ट्रपति के तौर पर शपथ ली। प्रधान न्यायाधीश जयंत जयसूर्या ने संसद भवन परिसर में 73 वर्षीय विक्रमसिंघे को राष्ट्रपति पद की शपथ दिलाई। उनके सामने देश को आर्थिक संकट से बाहर निकालने तथा महीनों से चल रहे व्यापक प्रदर्शनों के बाद कानून एवं व्यवस्था बहाल करने की चुनौती है। गोटबाया राजपक्षे के देश छोड़कर चले जाने और राष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने के बाद विक्रमसिंघे को कार्यवाहक राष्ट्रपति बनाया गया था। वह संविधान के अनुसार संसद द्वारा निर्वाचित श्रीलंका के पहले राष्ट्रपति हैं। मई 1993 में तत्कालीन राष्ट्रपति आर. प्रेमदास के निधन के बाद दिवंगत डी. बी. विजेतुंगा को निर्विरोध चुना गया था। छह बार प्रधानमंत्री रह चुके विक्रमसिंघे को नया राष्ट्रपति निर्वाचित किया गया। इससे नकदी के संकट से जूझ रहे इस द्वीपीय देश की अर्थव्यवस्था को उबारने के लिए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के साथ चल रही वार्ता के जारी रहने की उम्मीद की जा सकती है।

## गहलोत-पायलट को हिरासत में लेकर छोड़ा

## ईडी लगती है बीजेपी की मौसी, मोदी-शाह को श्रीलंका की तरह भागना पड़ेगा : डोटासरा

**जयपुर।**



सोनिया गांधी से ईडी की पूछताछ को लेकर कांग्रेस ने एक बार फिर केंद्र सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। गुरुवार को दिल्ली में कांग्रेस मुख्यालय के बाहर हो रहे धरना-प्रदर्शन में शामिल मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, सचिन पायलट, पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह सहित कई कांग्रेसी नेताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। शाम को सभी नेताओं को छोड़ दिया गया। वहीं, जयपुर में ईडी ऑफिस के सामने चल रहे धरने में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने भी केंद्र सरकार पर निशाना साधा। कहा- हम तुम्हारी ईडी से डरने वाले नहीं हैं। मैं चैलेंज करता हूं कि जिस दिन राहुल गांधी और सोनिया गांधी के हाथ लगाने का प्रयास किया, तो देश में ऐसा आक्रोश पैदा होगा कि मोदी शाह को श्रीलंका की तरह देश छोड़कर भागना पड़ेगा। गुरुवार को जयपुर में ईडी ऑफिस के घेराव के मौके पर डोटासरा ने कहा- मोदीजी, हम सावरकर नहीं हैं, जो अंग्रेजों से डरकर माफी मांग लेंगे और पेंशन करा लेंगे। हम गांधीजी के अनुयायी हैं।

# सोनिया से 3 घंटे पूछताछ, 25 को फिर बुलावा

## कांग्रेस अध्यक्ष ईडी से बोलीं- पूछिए कितने सवाल हैं, 8-9 बजे तक रुकने को तैयार हूं

**नई दिल्ली**

नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी ने आज कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से करीब 3 घंटे पूछताछ की। सोनिया को फिर से पूछताछ के लिए 25 जुलाई को बुलाया गया है। आज सोनिया से भी लगभग वही सवाल पूछे गए, जो ईडी अधिकारियों ने राहुल गांधी से पूछे थे। सूत्रों के मुताबिक, सोनिया से 25 से अधिक सवाल पूछे गए, जिसके बाद उन्होंने अपनी दवा के लिए घर जाने को कहा। वहीं, कांग्रेस ने पूछताछ को लेकर अलग ही दावा किया है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश के मुताबिक, ईडी ने कहा हमारे पास कोई सवाल नहीं है, आप जा सकती हैं, मगर सोनिया जी ने कहा कि आपके जितने सवाल हैं, पूछिए, मैं रात 8-9 बजे तक रुकने को तैयार हूं। जयराम ने बताया कि सोनिया ने पूछताछ खत्म करने के लिए कोई निवेदन नहीं किया था। सूत्रों के मुताबिक, सोनिया गांधी से पूछताछ की अगुआई महिला अफसर मोनिका शर्मा ने की। वे ईडी कार्यालय में एडिशनल डायरेक्टर के पद पर हैं। वहीं, कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने देशभर में इस पेशी के खिलाफ प्रदर्शन किया।

**सोनिया की हेल्थ को लेकर भी इंतजाम किए गए**-अधिकारियों ने पूछताछ के दौरान सोनिया गांधी की तबीयत का भी ख्याल रखा। उनके लिए एक मेडिकल ऑफिसर को दूसरे कमरे में बैठाया गया था। वहां प्रियंका गांधी भी मौजूद थीं। इस दौरान प्रियंका ने सोनिया से दो बार मुलाकात भी की।



### ईडी की टीम राहुल से कर चुकी है 40 घंटे की पूछताछ

नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी से ईडी 5 बार पूछताछ कर चुकी है। उनसे करीब 40 घंटे तक सवाल-जवाब किए गए थे। अब सोनिया गांधी की पेशी हो रही है। ऐसा पहली बार हो रहा है कि जब कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को जांच में शामिल होने के लिए पेश होना पड़ रहा है।

## मानसून सत्र : दोनों सदनों में कार्यवाही शुरू होने के कुछ देर बाद हंगामा

**नई दिल्ली।**

मानसून सत्र का गुरूवार को चौथा दिन था। लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही सुबह 11 बजे शुरू हुई। सदन की कार्यवाही शुरू होने के कुछ मिनट बाद विपक्षी सदस्यों ने ईडी के दुरुपयोग को लेकर नारेबाजी की गई। इसके बाद राज्यसभा शुक्रवार सुबह 11 बजे तक तक के लिए स्थगित कर दी गई।

वहीं, लोकसभा सुबह 11:30 बजे तक स्थगित कर दी गई। लोकसभा में केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने विपक्ष की ओर से सोनिया गांधी से ईडी की पूछताछ विरोध करने पर हमला किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी बेवजह का हंगामा कर रही है। कानून के सामने सब बराबर है या नहीं? सोनिया जी कांग्रेस अध्यक्ष हैं, महामानव नहीं। कांग्रेस के लोग सोचते हैं कि वे कानून से ऊपर हैं, लेकिन ऐसा नहीं है। लोकसभा और राज्यसभा में सभी विपक्षी दलों के नेताओं ने संसद में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के ऑफिस में मुलाकात की। कांग्रेस सांसद मनिकम टैगोर ने ईडी के दुरुपयोग, विपक्षी नेताओं के खिलाफ राजनीतिक प्रतिशोध पर चर्चा करने के लिए लोकसभा में स्थगन प्रस्ताव दिया। वहीं, कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने सत्तारूढ़ दल द्वारा कई राजनीतिक दलों के प्रमुख नेताओं को निशाना बनाने और परेशान करने के लिए ईडी, सीबीआई और आयकर विभाग सहित देश में केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग के मुद्दे को लेकर राज्यसभा में स्थगन प्रस्ताव दिया।

# प्रदेश में अगले दो दिन तेज बारिश की चेतावनी

## कोटा में 6 इंच बारिश, दौसा में दुकानों-घरों में भरा पानी

**जयपुर।**

राजस्थान में बीते 24 घंटे में 8 जिलों में 70 से 160 एमएम तक बारिश हुई। बरसात से नदी-नालों में पानी बहने लगा। जयपुर के मालवीय नगर नंदपुरी अंडरपास में पानी भरने से चार गाड़ियां फंस गई। स्थानीय लोगों की मदद से गाड़ियों में फंसे लोगों को बाहर निकाला। झुंझुनूं में तेज बरसात के बाद एक मकान और स्कूल की दीवार गिर गई। मौसम केन्द्र जयपुर के मुताबिक पिछले 24 घंटे के दौरान सबसे ज्यादा बरसात कोटा के दीगोद में 160एमएम दर्ज हुई। सवाई माधोपुर, झुंझुनूं, धौलपुर, चूरू, बारां, अलवर और दौसा में 70एमएम से ज्यादा बरसात हुई। अलवर में तेज बारिश के बाद पहाड़ियों से पानी बहता हुआ सिलिसेढ, किशनकुंड में आया। दौसा शहर में हुई 142एमएम बारिश के बाद सड़कें लबालब हो गई। लालसोट रोड, आगरा रोड, रेलवे स्टेशन के पास आरओबी के नीचे, जयपुर रोड बाइपास तिराहे के समीप सड़क पर करीब एक फीट तक पानी जमा होने से निचले इलाकों में दुकानों और घरों में पानी भर गया। झुंझुनूं शहर में बुधवार को तेज बरसात के बाद सुलताना कस्बे में वार्ड 8 में एक मकान की दीवार गिर गई। सुलताना के ही सरकारी स्कूल की दीवार गिर गई।

**52 फीसदी से ज्यादा बरसात :** राजस्थान में इस साल मानसून खूब मेहरबान रहा। यही कारण रहा कि 20 जुलाई तक राजस्थान में सामान्य से 52 फीसदी से ज्यादा बरसात हो चुकी है। पूरे राज्य में 20 जुलाई तक 149एमएम औसतन बरसात होती है, लेकिन इस बार 226 एमएम बरसात अब तक हो चुकी है। राजस्थान में मानसून के 4 महीने के सीजन में औसतन 414.5 एमएम बारिश होती है।



## सम्पादकीय

# बेलगाम माफिया

हरियाणा के नूंह जिले में एक पुलिस उप अधीक्षक को मार कर खनन माफिया ने फिर यह दर्शाया है कि उसे किसी से खौफ नहीं है। हालांकि पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए इस घटना को अंजाम देने वाले एक आरोपी को पकड़ लिया। अब देखने की बात यह है कि क्या पुलिस इस कारोबार के सरगना तक पहुंच पाती है! इस घटना ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा किया है कि आखिर हमारी सरकारें खनन माफिया के खिलाफ अभियान चलाने में इतनी बेबस क्यों बनी हुई हैं? देश के कई राज्यों में सक्रिय बेखौफ पत्थर और रेत माफिया का गैरकानूनी कारोबार जिस तेजी से बढ़ता जा रहा है, वह बेहद गंभीर बात है। गुजरात, मध्यप्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, बिहार, झारखंड आदि सभी उत्तरी राज्यों में खनन माफिया सक्रिय हैं। दक्षिण के राज्य भी इससे अछूते नहीं हैं। बुधवार को भी गुजरात के आणंद जिले और झारखंड में रांची के पास जांच के लिए वाहन रोकने पर दो पुलिसकर्मियों को कुचल दिया गया। खनन माफिया पर कार्रवाई का जिम्मा स्थानीय पुलिस और प्रशासन का मामला है। ऐसे में अगर राज्यों में खनन माफिया बेलगाम है तो इसका मतलब है कि राज्य सरकारें इन पर शिकंजा कस पाने में लाचार हो चुकी हैं।

गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने अरावली क्षेत्र में अवैध खनन पर रोक लगा रखी है। नूंह जिले के जिस इलाके में यह घटना हुई, वहां अवैध खनन का काम कोई आज से नहीं चल रहा, बल्कि फरीदाबाद, गुरुग्राम, मेवात, महेंद्रगढ़ में भी अवैध खनन बदस्तूर जारी है। ऐसा भी नहीं कि पुलिस माफिया से जुड़े लोगों पर कार्रवाई नहीं करती। जब भी पुलिस को सूचना मिलती है, वह अपना दल-बल लेकर कार्रवाई करने पहुंचती तो है। पर माफिया का सूचना तंत्र इतना मजबूत है कि वह पुलिस के आने से पहले बच निकलता है।

माल ढोने वाले डंपरों के ड्राइवर अपने को बचाने के लिए पुलिस से लेकर रास्ते में आने वाले लोगों तक को डंपर से कुचलने में नहीं हिचकिचाते। डीएसपी सुरेंद्र सिंह के साथ यही हुआ। नूंह जिले में पिछले चार साल के दौरान अवैध खनन के पौने दो सौ मामले दर्ज किए जा चुके हैं। तीन साल पहले भी इसी जिले में अवध खनन रोकने गए एक एसडीएम और पुलिस दल पर जानलेवा हमला किया गया था।

पिछले साल दिसंबर में एक पुलिस अधीक्षक की कार डंपर चढ़ाने की कोशिश की गई थी। इससे पता चलता है कि यह काम करने वालों के हौसले कितने बेलगाम हैं। राजस्थान और मध्य प्रदेश में भी यही हाल हैं। पिछले कुछ सालों में मध्य प्रदेश के मुरैना जिले से ऐसी कई दहला देने वाली घटनाएं सामने आईं। राजस्थान में भी बजरी माफिया कम कहर नहीं ढहा रहा। साउथ एशिया नेटवर्क की रिपोर्ट के मुताबिक जनवरी 2019 से नवंबर 2020 के बीच अवैध खनन रोकने के मामलों में एक सौ तिरानबे लोगों को जान से हाथ धोना पड़ा और इनमें पनचानबे लोगों की मौत उत्तर भारत में हुई।

इससे तो लगता है कि सरकारों ने खनन माफिया के आगे घुटने टेक दिए हैं। राज्य सरकारों के पुलिस बल की कोई कमी नहीं होती। सशस्त्र बल भी उनके पास होता है। जरूरत पड़ने पर वे केंद्रीय बलों की मदद भी मदद ले सकती हैं। इतना सब होने पर भी अगर अवैध खनन से जुड़े बड़े लोग कानून की पहुंच से बाहर बने रहते हैं, तो यह संदेह पैदा करता है। ऐसे में यदि खनन माफिया को राजनीतिक संरक्षण के आरोप लगते रहे हैं तो गलत क्या है?

# रुपये को वैश्विक मुद्रा बनाने का मौका, व्यापार के लिए नहीं रहेगी डॉलर की अनिवार्यता

**किसी देश की मुद्रा की कीमत के निर्धारण में उसके आयात-निर्यात के आकार, अर्थव्यवस्था का प्रबंधन और वैश्विक आर्थिक एवं राजनीतिक परिस्थितियों का हाथ होता है। हाल में डालर की तुलना में रुपया भले ही कमजोर हुआ है, लेकिन अन्य मुद्राओं की अपेक्षा सबसे कम गिरा है। जापानी येन, चीनी युआन सहित अन्य मुद्राओं की तुलना में तो रुपया मजबूत ही हुआ है। अभी एक अमेरिकी डालर के बदले 138 जापानी येन मिल रहे हैं, जबकि 2018 में 110 येन मिलते थे। वहीं 2007 में एक यूरो के बदले 1.60 डालर मिलता था, जबकि अब एक यूरो एक डालर के बराबर हो गया है। भारतीय रुपये की मजबूती का कारण भारत में राजनीतिक स्थिरता, भारतीय अर्थव्यवस्था के आधारभूत तत्वों का मजबूत होना और मुद्रास्फीति के बावजूद भारत में लगातार मांग का बने रहना है। भारत आज विश्व की सर्वाधिक तेजी के साथ रिकवरी करने वाली अर्थव्यवस्था में भी शामिल है। यह कहा जा सकता है कि आगामी वर्षों में जैसे-जैसे भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार बढ़ेगा और निर्यात में उत्तरोत्तर वृद्धि होगी, वैसे-वैसे भारतीय रुपया भी मजबूत हो सकता है।**




**पिछले** दिनों आरबीआई ने भारत के मौद्रिक इतिहास का एक साहसिक निर्णय लेते हुए घोषणा की कि भारत का अंतरराष्ट्रीय व्यापार भारतीय रुपये में भी होगा। इसके अनुसार भारतीय निर्यातकों और आयातकों को अब व्यापार के लिए डालर की अनिवार्यता नहीं रहेगी। अब दुनिया का कोई भी देश भारत से सीधे बिना अमेरिकी डालर के व्यापार कर सकता है। आरबीआई के इस कदम से भारतीय रुपये को अंतरराष्ट्रीय व्यापार में एक करेंसी के लिए स्वीकार करवाने की दिशा में मदद मिलेगी। यह निर्णय भारतीय विदेश व्यापार को बढ़ाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अभिलाषा के भी अनुरूप है। इससे भारत के वैश्विक उद्देश्यों को साधने के साथ-साथ भारतीय अर्थव्यवस्था को दीर्घकालिक मजबूती मिलेगी। हालांकि इसके तात्कालिक प्रभाव का भी आकलन करना होगा।

सबसे पहले अमेरिकी डालर के वैश्विक मुद्रा के रूप में स्वीकृति और दबदबे को समझने की आवश्यकता है। इंटरनेशनल स्टैंडर्ड आर्गनाइजेशन लिस्ट के अनुसार दुनिया भर में कुल 185 मुद्राएं हैं, लेकिन सभी देशों के केंद्रीय बैंकों में जमा कुल विदेशी मुद्रा भंडार का 64 प्रतिशत अमेरिकी डालर है। दुनिया के संपूर्ण व्यापार का 85 प्रतिशत व्यापार डालर में होता है। संसार के समस्त कर्जों में डालर की हिस्सेदारी 39 प्रतिशत है। यही कारण है कि अमेरिकी डालर दुनिया की सबसे स्वीकार्य मुद्रा है। वैसे तो अर्थशास्त्र का एक सामान्य नियम यह है कि अगर किसी देश की मुद्रा मजबूत होती है तो उसकी अर्थव्यवस्था पर कई नकारात्मक असर पड़ते हैं, लेकिन अमेरिका के मामले में इसका उलट होता है। जैसे ही अमेरिकी डालर मजबूत होता है, वैसे ही तमाम वैश्विक निवेशक अमेरिकी अर्थव्यवस्था में वापस लौट आते हैं। डालर के मजबूत होने से उसका आयात सस्ता हो जाता है, जिससे सामान्य उपभोग की आयातित चीजें सस्ती हो जाती हैं। अमेरिकी अर्थव्यवस्था का 70 प्रतिशत हिस्सा उपभोग पर आधारित है। हालांकि दुनिया को कई बार इसका नुकसान भी उठाना पड़ता है। जैसे वर्ष 2008 में अमेरिका की अपनी स्थानीय नीतियों के कारण आई मंदी ने पूरे विश्व की अर्थव्यवस्था को हिला दिया। इसके बाद चीन और रूस जैसे देशों ने अंतरराष्ट्रीय व्यापार में अमेरिकी डालर के वर्चस्व को तोड़ने की आवश्यकता पर जोर दिया। कालांतर में चीन और रूस ने आपसी व्यापार अपनी-अपनी मुद्रा में शुरू कर दिया। रूस के केंद्रीय बैंक के अनुसार वित्तीय वर्ष 2020-21 की पहली तिमाही में रूस और चीन के बीच व्यापार में डालर की हिस्सेदारी पहली बार 50 प्रतिशत के नीचे चली गई, जो कि 2015-16 में 90 प्रतिशत थी। रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद जब रूस पर अमेरिका ने प्रतिबंध लगाए, तब भी चीन-रूस का व्यापार यथावत जारी रहा। हाल के वर्षों में जब हमारा सामना कोविड महामारी, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में बाधा और रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद पैदा हुई आर्थिक उथल-पुथल से हुआ, तब भारत के नीति नियंता भी देश के आर्थिक हितों के संबंध में सोचने पर विवश हुए। वैश्विक अर्थव्यवस्था में किसी भी रूप में एकाधिकारी प्रवृत्ति या किसी भी आपूर्ति के लिए एक देश पर निर्भरता भारत के दीर्घकालिक हितों के प्रतिकूल है। अब आरबीआई के सामने सबसे बड़ी चुनौती अपने निर्णय को वैश्विक स्तर पर लागू करवाने की होगी। इसके लिए उसे बड़े पैमाने पर भारतीय बैंकों की वैश्विक उपस्थिति सुनिश्चित करनी होगी। करोबारी देश के केंद्रीय बैंकों से समायोजन करना होगा। रुपये में लेन-देन के लिए देश के आयातकों और निर्यातकों को किसी भी व्यावसायिक बैंक में रुपया वोस्ट्रो खाता खोलना होगा। फिर रुपये का मूल्य वास्तविक बाजार मूल्य पर निर्धारित करते हुए उस देश की मुद्रा में सीधे हस्तांतरित किया जा सकेगा। इसका तत्कालिक लाभ भारत को ईरान, रूस के साथ उन देशों के साथ व्यापार में भी मिलेगा, जिनके पास या तो अमेरिकी डालर नहीं है या जो अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण व्यापार नहीं कर पा रहे। चूंकि भारत अपनी आवश्यकताओं का 90 प्रतिशत तेल और गैस आयात करता है, इसलिए रुपये में व्यापार से भारत लाभ की स्थिति में होगा। कुल मिलाकर आरबीआई के इस निर्णय से भारत की बढ़ती वैश्विक स्वीकार्यता और लगातार बढ़ रहे कद के कारण रुपये को अंतरराष्ट्रीय करेंसी के रूप में स्थापित करने में मदद करेगी।

## व्यापार समाचार

## वाहन कलपुर्जा कंपनियों के सालाना राजस्व में 8-10 प्रतिशत की बढ़ोतरी होगी : इक्रा

नई दिल्ली।



वाहन कलपुर्जे बनाने वाली 49 कंपनियों का सालाना राजस्व चालू वित्त वर्ष में आठ से 10 प्रतिशत की वृद्धि के साथ तीन लाख करोड़ रुपये पर पहुंच सकता है। घरेलू रेटिंग एजेंसी इक्रा ने बृहस्पतिवार को यह अनुमान लगाया है। इक्रा ने कहा कि स्थिर मांग के बीच आपूर्ति-श्रृंखला के मुद्दे धीरे-धीरे हल होने के साथ वाहन कलपुर्जा कंपनियों का राजस्व बढ़ेगा। इक्रा ने बयान में कहा कि मूल उपकरण विनिर्माता (ओईएम) खंड की स्थिर मांग, वाहनों को बेहतर होने, स्थानीयकरण पर ध्यान, बेहतर निर्यात क्षमता और इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) अवसरों से वाहन कलपुर्जा आपूर्तिकर्ताओं के लिए स्वस्थ वृद्धि की संभावनाएं बनी हैं। इक्रा का कहना है कि चालू वित्त वर्ष 2022-23 की पहली छमाही में लागत पर दबाव जारी रहेगा। हालांकि, जिंस कीमतों और आपूर्ति-पक्ष के मुद्दे हल होने से 2022-23 में परिचालन मार्जिन में 0.5 से 0.75 प्रतिशत का सुधार होगा। इक्रा को उम्मीद है कि वाहन कलपुर्जा कंपनियां 2022-23 में अपने पूंजीगत व्यय को धीरे-धीरे बढ़ाकर परिचालन आय का छह से 6.5 प्रतिशत करेंगी। यह 16,000-18,000 करोड़ रुपये बैठता है।

## नीति आयोग के नवाचार सूचकांक में प्रमुख राज्यों की श्रेणी में कर्नाटक शीर्ष स्थान पर

नई दिल्ली।

नीति आयोग के तीसरे नवाचार सूचकांक में 17 प्रमुख राज्यों की श्रेणी में कर्नाटक शीर्ष स्थान पर रहा जबकि तेलंगाना दूसरे और हरियाणा तीसरे स्थान पर है। आयोग के 'भारत नवाचार सूचकांक, 2021' में राज्यों के स्तर पर नवाचार क्षमताओं और परिवेश की पड़ताल की गई है। भारत नवाचार सूचकांक के तीसरे संस्करण को नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी ने मुख्य कार्यपालक अधिकारी परमेश्वरन अय्यर की उपस्थिति में जारी किया। इस सूचकांक को वैश्विक नवाचार सूचकांक की तर्ज पर विकसित किया गया है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को उनके प्रदर्शन की प्रभावी तुलना करने के लिए 17 प्रमुख राज्यों, 10 पूर्वोत्तर और पहाड़ी राज्यों तथा 9 केंद्र शासित प्रदेशों एवं शहर राज्यों की श्रेणी में वर्गीकृत किया गया था। प्रमुख राज्यों में कर्नाटक राज्य लगातार तीसरे वर्ष पहले स्थान पर रहा है। वहीं, सबसे निचले पायदान पर छत्तीसगढ़, ओडिशा और बिहार हैं। केंद्र शासित प्रदेशों में चंडीगढ़ पहले स्थान पर वहीं पूर्वोत्तर और पहाड़ी राज्यों की श्रेणी में मणिपुर शीर्ष पर है। सूचकांक के मुताबिक, ''17 प्रमुख राज्यों में 18.01 अंक के साथ कर्नाटक का प्रदर्शन श्रेष्ठ पाया गया। इसके बाद क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर तेलंगाना और हरियाणा हैं। छत्तीसगढ़ को सबसे कम 10.97 अंक मिले।

## माइक्रोसॉफ्ट इंडिया देश का सबसे आकर्षक नियोक्ता बांड, मर्सिडीज बेंज दूसरे स्थान पर : सर्वे

नई दिल्ली।

दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट इंडिया देश का सबसे 'आकर्षक नियोक्ता ब्रांड' है। बृहस्पतिवार को जारी एक सर्वेक्षण के अनुसार, मर्सिडीज बेंज इंडिया सबसे आकर्षक नियोक्ता की सूची में दूसरे स्थान पर और अमेजन इंडिया तीसरे स्थान पर है। रैंडस्टैड नियोक्ता ब्रांड अनुसंधान-2022 मुताबिक, माइक्रोसॉफ्ट इंडिया ने वित्तीय मोर्चे, छवि या प्रतिष्ठा, आकर्षक वेतन और लाभ देने के मामले में सबसे अधिक अंक हासिल किए हैं। किसी भी संगठन या कंपनी के लिए आकर्षक ब्रांड बनने को ये तीन सबसे महत्वपूर्ण तत्व हैं। सर्वेक्षण में कहा गया कि 2022 के लिए दस सबसे आकर्षक नियोक्ताओं की सूची में चौथे स्थान पर हेवलेट पैकर्ड, पांचवें पर इन्फोसिस, छठे पर विप्रो, सातवें पर टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, आठवें पर टाटा स्टील, नौवें पर टाटा पावर कंपनी और दसवें पर सैमसंग है।







## आज का राशिफल

### मेष
आज आपके सभी काम में उत्साह और उमंग छलकता हुआ प्रतीत होगा। तन-मन में स्फूर्ति और ताजगी का अनुभव होगा। पारिवारिक वातावरण खुशहाल रहेगा। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ आनंद में समय व्यतीत होगा।

### वृषभ
आज आपको सावधानीपूर्वक रहने की जरूरत है। आपका मन अनेक प्रकार की चिंताओं से घिरा रहेगा। स्नेहीजनों और परिजनों के साथ मनमुटाव के अवसर खड़े होने से मन में ग्लानि का अनुभव होगा। कार्य अधूरे रहेंगे।

### मिथुन
आपके परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। व्यापार या नौकरी में लाभ हो सकेगा। उच्च अधिकारी आपके काम की सराहना करेंगे। विवाह के इच्छुक लोगों के विवाह की संभावना है। मित्रों से लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

### कर्क
आज आपके सभी काम बिना अवरोध के सरलतापूर्वक पूरे होंगे। काम में अनुकूलता रहेगी। नौकरी में उच्च अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण विचार-विमर्श होगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ खुले मन से घरेलू चर्चा करेंगे।

### सिंह
खट्टे-मीठे अनुभवों वाला मिश्रित फलदायक दिन है। निर्धारित काम करने की प्रेरणा के साथ उस दिशा में प्रयत्न करेंगे और आपका व्यवहार तटस्थ रहेगा। धार्मिक और मांगलिक कामों में उपस्थिति रहेगी।

### कन्या
तीर्थ यात्रा पर जाने के संयोग बनेंगे। स्वभाव में गुस्से की मात्रा बढ़ेगी। विदेश से मित्रों या स्वजनों का समाचार मिलेगा। मानसिक अस्वस्थता और संतानों की चिंता से व्यग्रता का अनुभव होगा।

### तुला
गुस्से के कारण परिजनों के साथ आपका मेल-जोल बना रहेगा और वैवाहिक जीवन में अधिक निकटता रहेगी। आपके विरोधी आपके लिए परेशानी उत्पन्न कर सकते हैं, इसलिए सचेत रहें।

### वृश्चिक
प्रवास में मित्रों और प्रियजनों का साथ आपके आनंद को दोगुना कर देगा। नए वस्त्राभूषण खरीदने अथवा पहनकर बाहर जाने का अवसर आएगा। शारीरिक और मानसिक रूप से ताजगी और स्फूर्ति अनुभव होगा।

### धनु
आज का दिन हर तरह से सुखमय गुजरेगा। परिजनों के साथ आनंदपूर्वक समय व्यतीत होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ और प्रसन्न रहेंगे। नौकरीपेशा लोगों को साथी कर्मचारियों का सहयोग मिलेगा।

### मकर
यात्रा-प्रवास का आयोजन स्थगित रखें। कार्य निष्फलता से हताशा हो सकती है। इससे आपको क्रोध होगा। क्रोध को नियंत्रण रखने से बात अधिक नहीं बिगड़ेगी। पेट संबंधी बीमारियों से परेशानी होगी।

### कुंभ
प्रतिकूलताओं का सामना करें। पारिवारिक क्लेश आपके मन को व्यथित करेंगे। माता का स्वास्थ्य चिंता पैदा कर सकता है। सार्वजनिक जीवन में अपयश या अपकीर्ति मान-प्रतिष्ठा को हानि पहुचाएंगे।

### मीन
आज आपको मानसिक राहत मिलेगी। शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होने के कारण आपका उत्साह बढ़ेगा। दोस्तों और पड़ोसियों के साथ रिश्ते बेहतर होंगे। घर में रिश्तेदार और मित्रों के आने से खुशी का अनुभव करेंगे।

## शिक्षकों के स्थानांतरण सहित ज्वलंत मांगो को लेकर शिक्षक संघ ने किया विरोध प्रदर्शन



**मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन**

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत के प्रान्तीय आव्हान पर शिक्षकों के स्थानांतरण सहित १७ सूत्रीय मांग पत्र को लेकर गुरुवार को प्रदेश के सभी ब्लॉक मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया गया। उसी क्रम में उपशाखा कुचामनसिटी ने उपशाखा अध्यक्ष टोडाराम चौधरी के नेतृत्व में उपखण्ड अधिकारी को मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री राजस्थान सरकार के नाम ज्ञापन सौंपकर शिक्षकों के लिए स्थाई स्थानांतरण नीति बनाकर स्थानांतरण प्रक्रिया तुरंत शुरू करने सहित विभिन्न मांगे रखी। ज्ञापन सौंपने वालों में जिला मंत्री प्रेमसिंह चौधरी, तहसील अध्यक्ष टोडाराम चौधरी, मंत्री मोहम्मद शकील, सुरेश कुमार वर्मा, सीताराम जाट, भानु प्रकाश गौड़, ललित कुमार मोहनपुरिया सहित बड़ी संख्या में शिक्षक शामिल थे।

## 30 नेत्र रोगियों की पुन: जांच कर दी दवाइयां



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट एवं लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में रामानंद चन्द्रकुमार वर्मा के सौजन्य से शंकरा नेत्र अस्पताल जयपुर के सहयोग से गत 13 जुलाई को आयोजित नि:शुल्क नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर मे ऑपरेशन किये गये रोगियों का फॉलोअप शिविर माहेश्वरी भवन में आयोजित किया गया। ट्रस्ट अध्यक्ष लॉयन राम काबरा ने बताया शिविर में शंकरा नेत्र अस्पताल जयपुर की टीम ने ऑपरेशन हुये 30 रोगियों की पुन: जांच कर सभी को एक माह तक धूल धुंआ एवं धूप से विशेष बचाव रखने को कहा तथा क्लब द्वारा रोगियों को नि:शुल्क दवाइयां दी गई। क्लब अध्यक्ष लॉयन द्वारकाप्रसाद कुमावत ने बताया नेत्र ज्योति पाकर रोगियों ने भामाशाह वर्मा परिवार, चिकित्सक टीम एवं संस्था परिवार को दिल से दुआएं दी तथा रोगियों को 10 अगस्त को पुन: बुलाया गया है। उस दिन चश्मे वितरित किए जाएंगे। शिविर की व्यवस्था में उपाध्यक्ष लॉयन मुरलीधर गोयल, सह सचिव लॉयन रचित नंदवाना, राकेश खिलेरी, दिनेश मालपानी ने सहयोग किया।

## विधायक गावड़िया ने की जनसुनवाई



जुगल किशोर शर्मा

**परबतसर( नागौर डेली न्यूज ) :** विधायक रामनिवास गावड़िया ने गुरुवार को पंचायत समिति सभागार में जनसुनवाई की। इस दौरान ग्रामीण अपने अपने इलाके कि समस्या लेकर जनसुनवाई में पहुंचे। इस दौरान बिजली, सड़क, नरेगा, राशन की समस्यायों आई जिनका हाथों हाथ समाधान किया गया। इस दौरान सरपंच घीसालाल माली, लोकेश मालाकार, रूपाराम डूडी, मांगीलाल चोयल, ओमप्रकाश मुण्डवाडिया, रमेश चंद्र टांक, महेश कुमार सैनी सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# पुलिस के हत्थे चढ़े 2 वाहन चोर, चोरी की 17 मोटरसाइकिलें बरामद

## दोनों आरोपी बिना नंबरी मोटरसाइकिल लेकर घूम रहे थे

मेड़तासिटी( नागौर डेली न्यूज ) :

मेड़तासिटी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। मेड़ता पुलिस ने गत दिनों बिना नंबरी मोटरसाइकिलें लेकर घूमते दो युवकों को पकड़ा था। जब उनसे कागजात मांगे तो वे कोई जवाब नहीं दे पाए। इसके बाद दोनों से गहनता से पूछताछ की तो उन्होंने 17 मोटरसाइकिलें चुराना स्वीकार किया। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी शुदा 17 मोटरसाइकिलें बरामद की है। आरोपियों से पूछताछ जारी है। पुलिस अधीक्षक राममूर्ति जोशी ने पिछले दिनों वाहन चोरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के लिए पुलिस को निर्देश दिए थे। इस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश मीणा व सीओ मेदनलाल जैफ के निकटतम सुपरविजन में मेड़ता थानाधिकारी राजवीर सिंह मय टीम द्वारा दो चोरों से कड़ी पूछताछ के बाद 17 मोटरसाइकिलें बरामद की है।



**इस तरह हुआ मोटरसाइकिल चोरियों का खुलासा :** पादूकलां थाना क्षेत्र के शैतानसिंह पुत्र भगवानसिंह रावणा राजपूत ने मेड़तासिटी पुलिस को एक रिपोट देकर बताया कि 6 जुलाई 22 को वह केसीसी लोन के रुपए जमा कराने पीएनबी मेड़ता में आया था। वापिस बाहर आकर देखा तो उसकी मोटरसाइकिल गायब मिली। इस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया। मेड़ता थानाधिकारी के नेतृत्व में एक टीम गठित कर वाहन चोरों की धरपकड़ के सख्त निर्देश गए। जिस पर टीम द्वारा 21 जुलाई को दौराने तलाश ग्राम नेतड़िया से दो संदिग्ध युवकों को बिना नंबर की मोटरसाइकिल लेकर घूमते पकड़ा। वे कागज नहीं पेश कर पाए। जिस पर पुलिस ने सख्ताई से पूछताछ की तो वह मोटरसाइकिल चोरी शुदा मिली। कड़ी पूछताछ में दोनों मुलजिमों ने कस्बा मेड़ता सिटी व अन्य क्षेत्रों से 17 मोटरसाइकिलें चुराना कबूल किया। इस पर पुलिस ने उनकी निशानदेही पर 17 मोटरसाइकिलें बरामद कर ली। पुलिस ने नेतडिया निवासी बनवारीलाल उर्फ भूरा पुत्र जगदीश बावरी, पादूकलां थाना के सैंसडा निवासी नंदू बावरी पुत्र सरदार बावरी को गिरफ्तार कर लिया।

### ये रहे टीम में शामिल

मेड़ता सिटी में वाहन चोरियों का बड़ा खुलासा करने वाली टीम में थानाधिकारी राजवीर सिंह के अलावा हैड कांस्टेबल चरण सिंह, कांस्टेबल प्रकाश तांड़ी, कमलकिशोर, अनीश खान, अकरम खान, लक्ष्मणराम, शशिकांत, रामविलास व कांस्टेबल अशोक की विशेष भूमिका रही।

## काकाणी भवन में एक दिवसीय शिविर का होगा आयोजन

### खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत होगा रजिस्ट्रेशन

रमेश जाजड़ा

**जायल( नागौर डेली न्यूज ) :** खाद्य कारोबार शुरू करने के लिए अपना लाईसेंस और रजिस्ट्रेशन सक्षम प्राधिकारी से प्राप्त किया जाना वैधानिक अनिवार्यता है, इसके लिए 26 जुलाई को कस्बे के काकाणी भवन मे सुबह 10 बजे से एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया जायेगा। यह शिविर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग व व्यपार संघ जायल के सहयोग से लगाया जाएगा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मेहराम महिया ने सभी प्रकार के खाद्य कारोबारियों से अपील की है कि इन शिविरों में पहुंचकर अपना रजिस्ट्रेशन व लाईसेंस बनवावें। बिना खाद्य लाईसेंस के व्यवसाय करने पर खाद्य अधिनियम एवं मानक के तहत सजा का प्रावधान है। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के समस्त खाद्य पदार्थ कारोबार से जुड़े विक्रेताओं निर्माताओं थोक, फुटकर, फेरीवाले, केटरिंग, ट्रांसफोर्ट, फूड प्रोडक्शन विक्रय करने मेडिकल स्टोर्स मध्यान पश्चात मौजूद तैयार करने एवं स्वयं सहायता, अस्पताल, स्कूल, कॉलेजों में संचालित कैंटीन, छात्रावासों में संचालित कैंटीन, राजकीय व निजी वेयर हाउस, मदिरा दुकाने, दूध विक्रेता, डेयरी चायपान दुकान, फल सब्जी, विक्रेता, हाट बाजार, में खाद्य कारोबार करने वाले आदि से कहा गया है कि वे तत्काल शिविर या ईमेल खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम २००६ के अन्तर्गत लाईसेंस अथवा रजिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु आवेदन करें।

# क्या ऐसे बनेंगे जनता की उम्मीदों के हाइवे...

## डेगाना-हरसौर व परबतसर-मेड़ता हाईवे पर लीलापोती का खेल, बनने से पहले उखड़ रही सड़के

**ठेकेदारों पर अफसर मेहरबान**

जुगल किशोर

**हरसौर( नागौर डेली न्यूज ) :** स्टेट हाईवे संख्या 21ए परबतसर-मेड़ता एवं डेगाना-हरसौर डबल लेन पर सड़क निर्माण कार्य प्रगति पर है। बरसों बाद सिंगल सड़को के हाईवे में बदलने की घोषणा के बाद जनता की उम्मीदों पर ठेकेदार एवं अफसरों द्वारा पेचवर्क किया जा रहा है। सड़के बनने से पहले ही उखड़ रही हैं। ठेकेदारों और अफसरों की मिलीभगत से जमकर जनता के पैसों को चूना लगाया जा रहा है। खुलेआम हो रहे इस धांधली की ओर जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं जिम्मेदारों का भी ध्यान नहीं जा रहा है। जनता की खामोशी भी समझ से परे है। पहले से हो रही देरी भी पड़ रही भारी- स्टेट हाईवे संख्या 21ए परबतसर-मेड़ता की घोषणा डेढ़ साल पहले सीएम गहलोत ने की थी। मगर धरातल पर आते आते वक्त लग गया बावजूद इसके नेशनल हाईवे सख्या 89 अजमेर-बीकानेर की सीमा पर गांव डोडियाना तक सिंगल सड़क को खोदकर रख दिया गया। अब सड़क निर्माण के नाम पर खानापूर्ति की जा रही हैं। दो वर्ष पहले प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा बजट अभिभाषण के दौरान कस्बे से गुजर रहे स्टेट हाईवे संख्या 21ए परबतसर-मेड़ता के नवीनीकरण की घोषणा हुई तो



यहाँ के वाशिंदों को विकास की रफ्तार बढ़ने की उम्मीद जगी। श्रेय लेने के लिए भी होड़ मची। मगर इस वर्ष दूसरा बजट पेश होने के बाद भी सड़क का निर्माण नही होने से विभाग की लेटलतीफी सामने आने लगी। विरोध होने पर आनन फानन में ठेकेदार ने पूरी सड़क खोदकर रख दी। गहलोत की लेटलतीफी घोषणा लीलापोती के हाइवे का निर्माण शुरू हो गया। ठेकेदारों पर अफसरों की मेहरबानी का ही नतीजा है किसड़क निर्माण में जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। एक ओर सड़क बन रही है तो दूसरी ओर सड़क उखड़ते जा रही हैं। उच्च अधिकारियों द्वारा भी इसकी प्रभावी मॉनिटरिंग नहीं की जा रही हैं। लम्बा समय बीत जाने के बाद 50 प्रतिशत कार्य भी नहीं हो पाया है। ग्राम भकरी निवासी सुशील जैन ने निर्माणाधीन सड़क की गुणवत्ता की जांच करवाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण में यदि गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया तो मजबूरन आंदोलन करना पड़ेगा।

### सीएम के आदेश भी हो रहे हवा

बजट में सीएम गहलोत ने प्रदेश की सारी सड़कों को गड्ढा मुक्त करने का फरमान जारी किया था। फिर भी उस पर अमल नहीं किया जा रहा हैं। आज भी सड़के गड्ढा मुक्त नहीं हो पाई है। स्थिति जस की तस बनी हुई है। राहगीर उसी गड्ढे वाली सड़क में यात्रा करने को विवश है जैसा कि हमेशा से कर रहे थे। यह सड़कें मानक के अनुरूप नहीं बनाए जाने के चलते निर्माण से पहले ही जगह-जगह से उखड़ने लगी हैं। स्थिति यह हो गई कि आधी अधूरी सड़के बीच बीच में बरसाती पानी के कारण गड्ढे में त4दील हो रहीहै, जिस पर लोगों का सफर करना मुश्किल हो रहा है। समय रहते सड़क की गुणव4ाा को लेकर प्रभावी कार्रवाई नही की गई तो यह सड़कें मात्र औपचारिकता बनकर रह जायेगी।

### इनका कहना है-

सड़क निर्माण में इस प्रकार की लापरवाही पहली बार देखी जा रही है। प्रशासन को तुरंत संज्ञान लेते हुए सड़क की गुणव4ाा निर्धारित करनी चाहिए। इतने बड़े प्रोजेक्ट ऐसी लापरवाही से बनेंगे, सोचा नही था।

**श्याम माली-भाजपा नेता**

# बड़ी खाटू में 15वां सामूहिक विवाह सम्मेलन सम्पन्न, 15 जोड़ों ने एकसाथ कबूल किया निकाह

पुखराज ताणाण

**बड़ी खाटू( नागौर डेली न्यूज ) :** बडी खाटू कस्बे के समन दीवान बाबा की दरगाह के पास समन दीवान युवा विकास समिति के तत्वावधान में 15वां मुस्लिम समुदाय विवाह सम्मेलन धूमधाम से संपन्न हुआ। सम्मेलन में कुल 15 दूल्हा-दुल्हनों ने निकाह कबूल किया। इस दौरान निकाह चीफ शहर काजी जनाब सैयद नुसरत अली और नायब शहर काजी सैयद इनाम अली ने पढ़ाई।

सदर ने कहा कि सामूहिक विवाह से समाज में फिजूलखर्च पर रोक लगती है। इससे समाज में



अच्छा संदेश जाता है। उन्होंने कहा कि सभी को एक साथ मिलकर समाज के उत्थान के लिए काम करना चाहिए।

सम्मेलन में समाज के लोगों ने दूल्हा-दुल्हनों को दुआएं देकर उनकी सुखी दांपत्य की कामना की। समन दीवान युवा विकास समिति के अध्यक्ष कयूम चौहान ने बताया कि सामूहिक विवाह में सहभोज का आयोजन भी सभी का एक जगह किया गया। मुस्लिम सामूहिक विवाह सम्मेलन में डीजे, वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी सहित काफी असामाजिक फिजूलखर्ची पर पाबन्दी लगा रखी है। इसके चलते शांति पूर्वक विवाह सम्मेलन सम्पन्न हुआ।

## मांगों पर अमल करें राज्य सरकार-सेवदा

### ग्राम विकास अधिकारी संघ ने किया वादाखिलाफी आक्रोश आंदोलन

जुगल किशोर

**हरसौर( नागौर डेली न्यूज ) :** गुरुवार को राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ की ओर से आठ सूत्री मांगों को लेकर पंचायत समिति मुख्यालय पर वादाखिलाफी आक्रोश आंदोलन के तहत धरना दिया गया। संघ के अध्यक्ष दुर्गाप्रसाद सेवदा ने बताया कि प्रशासन गांवों के संग अभियान के दौरान 1 अक्टूबर 2021 को मुख्यमंत्री कार्यालय में हुए समझौते एवं 11 दिसंबर 2021 को पंचायती राज मंत्री के साथ हुए लिखित समझौते के आदेश 30 से 45 दिन में जारी होने थे, लेकिन अधिकारी अब उन आदेशों को दबाए बैठे हैं। 30 से 45 दिनों में मांगों पर आदेश जारी करवाने का आश्वासन दिया था, लेकिन लिखित समझौते के 9 माह बीतने के बाद भी अभी तक उनकी मांगो को सरकार की ओर से पूरा नहीं किया गया है। ऐसे में ग्राम विकास अधिकारियों को फिर से आन्दोलन की राह पकडनी पड़ी है। सरकार संघ की मांगों पर अमल करें। ग्राम विकास अधिकारी संघ ने विकास अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भी सौंपा। इस अवसर पर नंदकिशोर टाक, प्रवीण सिंह भाटी, रमेश जाजड़ा, सुरेश कुमार मीणा, ईश्वर दत्त शर्मा, महेशकुमार दायमा, नरपत सिंह राजपुरोहित, रामप्रेम ओलण सहित अन्य ग्राम विकास अधिकारी उपस्थित रहे।




# वादाखिलाफी आक्रोश आंदोलन के तहत मौलासर के ग्राम विकास अधिकारी रहे धरने पर

कमल सैन

**मौलासर( नागौर डेली न्यूज )।** राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ से किए गए लिखित समझौता लागू नहीं करने के विरोध में वादाखिलाफी आक्रोश आंदोलन के तहत मौलासर उपशाखा के ग्राम विकास अधिकारी पंचायत समिति परिसर में धरने पर रहे। ग्राम विकास अधिकारी संघ उपशाखा मौलासर अध्यक्ष हनुमान ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी ग्राम विकास अधिकारी पंचायत समिति मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन कर विकास अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा गया। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन योजना एवं स्वामित्व योजना का पूर्ण बहिष्कार किया गया। वहीं पंचायत समिति के समस्त अधिकारियों एवं कार्मिकों के



मोबाइल नंबर भी ब्लॉक कर दिए गए। वहीं ग्राम विकास अधिकारी संघ ने 8 सूत्रीय मांगो को लेकर धरने पर बैठे। जिसमें बताया कि ग्राम विकास अधिकारी संवर्ग की पांचवें व छठे वेतन आयोग की वेतन विसंगति दूर कर ग्रेड पे 3600 किया जाए। संगठन से पूर्व समझौतों की पालना में ग्राम विकास अधिकारी एवं सहायक विकास अधिकारी के 1:4 अनुसार सहायक विकास अधिकारी के 565 नवीन पद सृजित करना। जिला केडर परिवर्तन, विगत 2 वर्षों की ग्राम विकास अधिकारी से सहायक विकास अधिकारी के पद पर लंबित पदोन्नतियां करना सहित अनेक मांगो को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष हनुमान, उपशाखा मंत्री प्रदीप जाखड़, जिला प्रतिनिधि सुभाष पूनिया, राजू कुमावत, कपिल भाटी, मनीष मीणा, गणेश थोरी, सुरेंद्र कुमावत, शहबाज खान, महेश गोदारा, मनोज यादव उपस्थित रहे।

## खून से पत्र लिखकर युवाओं को कर रहे जागृत



अबूबकर बल्खी

**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** भारतीय छात्र संगठन एनएसयूआई के प्रदेशाध्यक्ष अभिषेक चौधरी के निर्देशानुसार अग्निपथ योजना का विरोध किया गया। मोदी सरकार की योजना के ख़िलाफ़ एकजुट हुए छात्रों ने छात्र नेता आलोक घिंटाला के नेतृत्व में खून से पत्र लिखकर ट्विटर पर अभियान चलाया व अग्निपथ योजना को बंद कर पूर्ववत सेना भर्ती शुरू करने की माँग की है। घिंटाला ने अपने रक्त से पत्र लिखते हुए छात्रों एवं युवाओं से इस अभियान के प्रति प्रदेश की जनता को जागृत करने की अपील की है। इस मौके पर राहुल चौधरी, जगदीश मेघवाल, रामवतार जाट, अंकित शर्मा, राजेश कुमार आदि युवा एवं छात्र संघसंघ के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# मैं जनता का सेवक, हमेशा गरीब को गणेश मानकर किया है काम : चौधरी

## कुचामन में 70 करोड़ रूपयों के विभिन्न विकास कार्यों का लोकापर्ण व शिलान्यास हुआ





### न्यू बस स्टैण्ड पर आयोजित जनसभा में हजारों लोगो को किया सम्बोधित

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** राजस्थान विधानसभा में उपमुख्य सचेतक व स्थानीय विधायक महेन्द्र चौधरी ने गुरूवार को कुचामन शहर में 70 करोड़ रूपयों के विभिन्न विकास कार्यों का लोकापर्ण व शिलान्यास किया। इस दौरान न्यू रोडवेज बस स्टैण्ड पर विशाल जनसभा का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे। जनसभा को सम्बोधित करते हुए विधायक चौधरी ने कहा कि नवीन बस स्टैण्ड बनने से पुराने बस स्टैण्ड के कुछ व्यापारियों को परेशानी जरूर हुई है लेकिन बहुतों को नया रोजगार भी मिला है। 40 साल बाद कांग्रेस का बोर्ड बना है। कुचामन में बोर्ड बनाना मुश्किल था। मैंने कुचामन के मतदाता को समझने की कोशिश की उनके काम किए। उन्होंने कहा कि कुचामन की जनता पहली बार विकास को देखते हुए आशीर्वाद देगी व कुचामन से कांग्रेस पार्टी बढ़त लेगी। हमने नगरपालिका जीती, इस बोर्ड में क्रमोन्नत कर नगर परिषद बनाया और करोड़ों रूपयों की शानदार बिल्डिंग बना दी।

जो भवन जयपुर में नहीं है वैसे कार्यालय कुचामन जैसी छोटी सी जगह पर बना दिए। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ी सड़क कुचामन, खारिया, हिराणी, भांवता, इन्दौखा, मुआना, राजलिया, सुरेरा तक 40 किमी सड़क, चालीस करोड़ रूपयों में बनेगी। इससे जनता को बहुत



फायदा होगा। उन्होंने कहा कि मैं जनता का सेवक हूं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि लोगो को परेशानी नहीं होनी चाहिए। जो स्कूलें बंद थी उन्हें वापस खुलवा दी है। ब्लॉड बैंक की मांग को पूरी कर दी। हमेशा गरीब को गणेश मानकर काम करने की कोशिश की है। महेन्द्र चौधरी ने कहा कि नरेगा जैसी स्कीम शहरों के अंदर भी लेकर आ रहे हैं।

### सरकारी अधिकारियों को लताड़ा, कहा अधिकारी किसी से भी तू तड़ाके से बात नहीं करेगा, जनप्रतिनिधियों को टरकाओ मत, मै रिजल्ट चाहता हूं

अपने भाषण के अंतिम समय में उपसचेतक महेन्द्र चौधरी आक्रोशित नजर आए। उन्होंने सरकारी अधिकारियों को जमकर लताड़ लगाई तथा कहा कि ये कांग्रेस का राज है। कांग्रेस के राज को गांव व शहर के व्यक्ति ने चुना है। कोई भी किसी जनप्रतिनिधि से तू तड़ाके से बात नहीं करेगा। काम करो या ना करो मगर उनसे इज्जत से बात करो। उन्हें कन्वेंस करो। काम नहीं हो रहा है तो मुझे बताओ। नगरपालिका में एक कर्मचारी की बात मुझे पता चली तो मैंने उसकी रवागनी कर दी। इस प्रकार की शिकायत आई तो बर्दाश्त नहीं होगी। एक जनप्रतिनिधि चुनाव जीतकर आता है वह अपने मोहल्ले अपने वार्ड की बात करता है तो उनसे सोच समझकर बात करें। पार्षदों का काम क्यों नहीं करते ? उन्हें टरकाओ मत। काम करके दिखाओं। मैं रिजल्ट चाहता हूं। रूडिप के अधिकारियों को भी चेताया। उन्होंने कहा कि पार्टियों ने सर्वे करवा लिया है। नावां की सीट महेन्द्र चौधरी की खाते में जा रही है। इसलिए ये लोग माहौल खराब करेंगे। एक धर्म को दूसरे धर्म से लड़ाने की कोशिश करेंगे। कुचामन हमेशा विवादों से दूर रहा है।

### खान मोहल्ले व वाल्मिकी बस्ती के लोगो की पीड़ा सुनी

जनसभा के दौरान खान मोहल्ला व वाल्मिकी बस्ती के लोग भी समारोह में पहुंचे तथा कार्यक्रम के बाहर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। खान मोहल्ले के लोगो का कहना था कि उनके मोहल्ले में बनी तलाई में सिवरेज के लिए बड़ा डेम बनाया जा रहा है जो गलत है। वहां घनी आबादी बसी है तथा वहां डेम बनने से प्रतिदिन बदबू आएगी तथा लोगो को भारी परेशानी उठानी पड़ेगी। मोहल्ले से दूर डेम बनाया जाया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरूष करीब 3 घंटे से अधिक समय तक अपनी पीड़ा विधायक को सुनाने के लिए चिलचिलाती धूप में बैठे रहे। इसी प्रकार वाल्मिकी बस्ती के लोगो की मांग थी कि कुचामन फोर्ट ट्रस्ट ने नियमों के विरूद्ध जाकर फोर्ट के चारों तरफ दीवार बनाई। इस दीवार के कारण बारिश का पानी दीवार के इर्द-गिर्द जमा हो जाता है जिससे बारिश के मौसम में दीवार गिरने का हर समय खतरा बना रहता है। हॉल ही में दीवार गिरने से एक महिला गंभीर घायल हो गई, जिसका ईलाज चल रहा है। उपसचेतक महेन्द्र चौधरी ने सभी लोगो की बातों को ध्यानपूर्वक सुनकर समस्या का शीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया।

### इन विकास कार्यो का हुआ लोकार्पण



कार्यक्रम में महेन्द्र चौधरी ने फीता काटकर करीब 70 करोड़ रूपयों के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया । करीब तीन करोड़ रूपयों की लागत से बने नगरपरिषद कार्यालय भवन, 10 करोड़ से बने अत्याधुनिक रोडवेज बस स्टैण्ड, 4 करोड़ से बनी पदमपुरा रोड से खारिया-दीपपुरा रोड होते हुए पांचवा रोड तक बाईपास डामर सड़क, डेढ करोड़ की लागत से बने कुचामन कॉलेज से प्रवेश द्वार तक डिवाइडर निर्माण कार्य, 2 करोड़ से बनी नगर परिषद स्टेडियम से पदमपुरा कनेक्टिंग रोड तक डामर सड़क, 20 लाख से बागड़ा कॉलोनी में बने सामुदायिक भवन, राजकीय जवाहर स्कूल में 7 लाख की लागत से बने अतिरिक्त कक्षाकक्ष मय बरामदा, 7 लाख की लागत से पुलिसथाना कुचामनसिटी में बने स्वागत कक्ष का लोकार्पण किया गया। इसी प्रकार इसी प्रकार रैगर समाज भवन में 34 लाख रूपयों की लागत से बनने वाले हॉल, मेघवाल समाज शमसान घाट में करीब 17 लाख की लागत से होने वाले विकास कार्यो, मेहरा समाज शमसान घाट में करीब 14 लाख रूपयों के विकास कार्यों, 15 लाख रूपयों से राजकीय चिकित्सालय में बनने वाली मोर्चरी, 1 करोड़ रूपयों से बनने वाले तहसील कार्यालय से अहिंसा सर्किल, डीडवाना रोड होते हुए कुचामन कॉलेज तक विभिन्न स्थानों पर डिवाइडर निर्माण कार्य, 1 करोड़ 10 लाख रूपये से बूडसू रोड मेगा हाइवे स्थित प्रवेश द्वार पर शिक्षा द्वार निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया।

# मिंडा पंचायत द्वारा मनरेगा से बनाई नवनिर्मित ग्रेवल सड़क बनी ग्रामीणों के लिए परेशानी का कारण

**ग्रामीणों ने ग्रेवल सड़क निर्माण में तय मानकों की जगह लाल चिकनी मिट्टी इस्तेमाल करने का लगाया आरोप**

हितेश रारा

**मारोठ( नागौर डेली न्यूज ) :** कस्बे की निकटवर्ती ग्राम पंचायत मिंडा में शंकर भगवान के मंदिर से बालाजी का बेरा के रास्ते के रहवासी हाल ही में ग्रामपंचायत द्वारा मनरेगा से निर्मित ग्रेवल सड़क बनने के कारण आवाजाही को लेकर परेशान है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार ग्रामपंचायत मिंडा द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्यक्रम मनरेगा के तहत भगवान शंकर के मंदिर से बालाजी का बेरा तक निर्मित ग्रेवल सड़क जो 21.63 लाख रुपए लागत व 13.26 लाख रुपये निर्माण सामग्री एवं श्रम लागत राशि से निर्मित हुई है। सड़क बनाने का उद्देश्य मार्ग से जुड़े लोगों को लाभांवित करना रहा होगा किन्तु वहा के निवासियों का आरोप है कि राजकीय कोष के लाखों रुपयों को खर्च



करने के बावजूद कार्य से फायदा राहत मिलना तो दूर अपितु पहले की बजाय मार्ग से आवाजाही मानसूनी बारिश के होते ही लगभग बंद हो गई है चारों और फैले दलदल और कीचड़ के साम्राज्य में वाहन चलाना तो दूर पैदल चलना भी दूभर हो गया है ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य में तय मानकों की सामग्री का उपयोग नहीं करते हुए लाल और चिकनी मिट्टी का उपयोग किया गया है किसके कारण शुरुआती मानसून की बारिश के दिनों में ही फैले कीचड़, दलदल और फिसलन के कारण निवासियों का मुख्य गांव से संपर्क टूट सा गया है यहां तक की विद्यार्थियों का भी विद्यालय आना जाना बाधित हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि समस्या को लेकर जिला कलेक्टर को पत्र प्रेषित अवगत कराया है कि मार्ग को दुरस्त करवाकर इस निर्माण कार्य की उच्च अधिकारीयो से जांच करवा कर कार्रवाई कराई जाए।

#### इनका कहना है

पंचायत द्वारा निर्माण कार्य अच्छे ढंग से करवाया गया है मार्ग में ऐसी कोई परेशानी नही है जबकि प्रशासन द्वारा 15 दिन पहले इस मार्ग में रास्ते को चौड़ा करवाया था जिसके कारण इस मार्ग के कुछ लोग द्वेषता से आरोप लगा रहे हैं। निर्माण कार्य मे कोई कमी नहीं है।

**जोगेंद्र ताकर सरपंच, ग्राम पंचायत मिंडा**

जसवंतगढ़ की गौचर पर अवैध खनन करने का मामला

# खनिज विभाग ने ढाई लाख रुपये की लगाई पैनल्टी



अबूबकर बल्खी

**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** जसवंतगढ़ की गौचर भूमि में गिट्टी खोदकर अवैध खनन करने की शिकायत के मामले में राजस्व टीम की कार्रवाई के बाद अब नागौर की खनन विभाग टीम ने संबंधित फर्म पर करीब ढाई लाख रुपये की राशि का जुर्माना लगाया है।

खनिज विभाग नागौर के माइंस फोरमैन अशोक वर्मा ने बताया कि लाडनूँ तहसीलदार डॉ. सुरेंद्र भास्कर की सूचना पर टीम लाडनूँ पहुंची व अवैध खनन मामले में जसवंतगढ़ थाने में जब्त की गई एक जेसीबी व 4 ट्रैक्टरों का निरीक्षण किया इस मामले में टीम ने 2 लाख 43 हजार 625 रुपये का जुर्माना लगाया है। मशीनरी फर्म को यह राशि जमा करवाने के बाद रिलीज की जाएगी।

गौरतलब रहे कि तहसील के मालगांव निवासी ठेकेदारों द्वारा जसवंतगढ़ की गौचर भूमि से गिट्टी का अवैध दोहन कर कसुम्बी बाईपास पर मनरेगा के तहत बन रही सड़क में इसका अवैध इस्तेमाल किया जा रहा था जिसकी पँचायत समिति सदस्य यज्ञदत्त दायमा ने शिकायत की इस आधार पर राजस्व टीम ने कार्रवाई कर गिट्टी दोहन कर रहे वाहनों को मौके से जब्त कर खनन विभाग को इसकी सूचना दी थी, जिसपर पैनल्टी की कार्रवाई अंजाम दी गई।

# द्रोपदी मूर्मु की जीत पर भाजपा ने मनाया जश्न

शौकत खान



**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** गुरूवार को भारत के राष्ट्रपति चुनावों मे एनडीए की प्रत्यासी श्रीमति द्रोपदी मुर्मू की हुई भारी मतों से जीत की खुशी में डेगाना के सभी 6 भाजपा मंडलों में जीत की खुशी मनाई ओर मिठाइयां बांटी गई। भाजपा नेता बिरदीचंद तोषनीवाल ने बताया की आदिवासी समाज से आने वाली सुशिक्षित महिला को राष्ट्रपति बनाने से भारत ही नही पुरा विश्व आल्हादित है। गुरूवार को डेगाना विधान सभा के मंडल डेगाना, ईडवा, सांजू, बुटाटी, हरसोर एंव थांवला मंडल मे भाजपा के कार्यकर्ताओं ने मुर्मू की जीत पर,खुशी मनाई ओर पटाखे फोड़े तथा एक दूसरे को मिठाइयां खिलाकर अपनी खुशी का इजहार किया।

इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक बिरदीचंद तोषनीवाल, पूर्व मंत्री अजयसिंह किलक, पंचायत समिति के सदस्य डा. हनुमान जाजुन्दा, नेता प्रतिपक्ष रामचंद्र डूडी, वरिष्ठ नेता सेवाराम धनवानी, भंवरलाल धोजक, विश्व हिन्दु परिषद के ओम प्रकाश टेलर, विरेन्द्र रिणवा, प्रकाश करवा, रणजीत डूडी, जितेन्द्र दाधिच, जगदीश तिवाडी, कृष्ण कुमार कटारिया, पाषर्द सीताराम कटारिया, राकेश करवा, बाबुसिंह ,केलाश राठी, दशरथ सिंह, मोहन सिंह सहित पार्टी के पदाधिकारी ओर कार्यकर्ता मोजूद रहे।




स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक सद्दाम द्वारा नेशनल प्रिंटर्स, लोहा मंडी, डीडवाना से मुद्रित तथा घाटी कुआँ, छीपा मोहल्ला, कुचामनसिटी, जिला नागौर (राज.) से प्रकाशित। मोबाइल नम्बर 7737211664 Email-nagaurdaily0@gmail.com